आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विषय के जानकारों के साथ बैठक करेंगे। यह चर्चा सरकार द्वारा महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णयों से पहले किए जा रहे परामर्शों का हिस्सा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस बैठक में शामिल होंगी। इस दौरान कई आर्थिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की आशा है। ये बैठक विशेषज्ञों के लिए देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति और भविष्य की प्राथमिकताओं पर अपने विचार और आकलन साझा करने का मंच प्रदान करेगी।

श्री मोदी आगामी केंद्रीय बजट पर अर्थशास्त्रियों के सुझाव और दृष्टिकोण जानेंगे। इस दौरान विकास को गति देने, व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने तथा उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए और सुधारों की आवश्यकता पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। घरेलू और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भी इस बैठक का एक प्रमुख विषय रहेगा। इस तरह के परामर्श सरकार की बजट–पूर्व प्रक्रिया का एक नियमित हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य नीतिगत निर्णयों को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न प्रकार के सुझावों को शामिल करना है। नीति आयोग में होने वाली यह चर्चा सरकार को आर्थिक नियोजन के अगले चरण की तैयारी में काफी सहायता करेगी।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में विभिन्न विभागों में भर्तियों के अलावा विभिन्न योजनओं की स्वीकृति पर मोहर लगने की संभावना है। बैठक में रियल एस्टेट के नियमो में संशोधन कर नई दरों को मंजूरी प्रदान की जा सकती है। साथ ही लीज रूल 2013 में संशोधन और घुमारवीं में डिजिटल यूनिवर्सिटी को खोलने बारे भी मंत्रिमंडल की बैठक में कोई फैसला लिया जा सकता है। विभिन्न विभागों की ओर से कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्ताव भेज दिए गए हैं।

ड्रैगन फ्रूट

कृषि–बागवानी को प्रोत्साहन देने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। जिला मंडी के सरकाघाट उपमण्डल के ठौर गांव ग्राम पंचायत जुकैण निवासी प्रेमचंद ने पारंपरिक खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई मिसाल कायम की है।

प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी को प्रोत्साहन देने के तहत उद्यान विभाग की मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना के अंतर्गत अढ़ाई बीघा भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए उन्हें 62 हजार रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है।

ट्राई

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई द्वारा आज कांगड़ा में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें शिकायत निवारण और साइबर स्वच्छता के संबंध में विभिन्न पहलों को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाता और ट्राई के साथ पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

आईजीएमसी प्रकरण

मुख्यमंत्री सुखविंद सुक्खू ने आईजीएमसी प्रकरण की नए सिरे से जांच करने के निर्देश दिए हैं। कल देर सायं शिमला में स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जांच के लिए नई समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, लेकिन मरीजों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता को बनाए रखने के लिए चिकित्सकों के लिए अनिवार्य ह्यूमन बिहेवियर और मैन–मैनेजमेंट कोर्स शुरू करने का निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सकों द्वारा मरीजों के साथ किए जाने वाले अच्छे व्यवहार के आधार पर उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में अंक शामिल करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई मरीज या तीमारदार चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार करता है तो डॉक्टरों को इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को देनी चाहिए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज से 2 जनवरी तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश के उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात तथा निचले व मैदानी क्षेत्रों में वर्षा हो सकती है।

———————————————————